FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

सराहनीय कार्य दिनाँक 30-11-2024 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

सिरसागंज पुलिस टीम , सर्विलांस एवं एसओजी की संयुक्त कार्यवाही द्वारा शातिर लुटेरा मोहन लाल यादव को पुलिस मुठभेड के दौरान किया गया गिरफ्तार।

थाना सिरसागंज पुलिस टीम व एसओजी टीम द्वारा 24 घण्टे के अन्दर लूट की घटना का किया सफल अनावरण।

सिरसागंज पुलिस टीम , सर्विलांस एवं एसओजी की संयुक्त कार्यवाही में पैर में गोली लगने से अभियुक्त घायल हुआ , घायल अभियुक्त को उपचार हेतु सरकारी अस्पताल भेजा गया।

▶ अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस एवं लूट के 48600 रुपये किये गये बरामद।

▶ थाना सिरसागंज क्षेत्रान्तर्गत दिनाँक 29-11-2024 को वादी द्वारा वादी की सर्राफा की दुकान से 50 हजार रुपये की लूट के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी जिसके आधार पर मु0अ0सं0 529/2024 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में मु0अ0सं0 529/24 धारा 309(4) बीएनएस के सफल अनावरण एवं वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 30-11-2024 को थाना सिरसागंज पुलिस टीम को चैकिंग के दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि मु0अ0सं0 529/24 धारा 309(4) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त कहीं भागने की फिराक में है, जो मोटर साइकिल से ग्राम गडिया नैन से कस्बा सिरसागंज की तरफ आ रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा नगला खंगर रोड पर चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान सामने से एक मोटरसाइकिल आती हुई दिखाई दी जिस

पर एक व्यक्ति सवार था जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। तो उक्त मोटरसाइकिल सवार संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल को वापस मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा जिससे हड़बड़ाहट में मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गयी। पुलिस टीम को अपनी तरफ आता देखकर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गयी। पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी फायरिंग में अभियुक्त के पैर गोली लग गयी। अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर एवं लूट में प्रयुक्त प्लेटिना मोटरसाइकिल व लूट के 50000 रुपये में से 48600 रुपये बरामद किये गये। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरणः- दिनाँक 29-11-2024 को वादी श्री राकेश कुमार जैन निवासी मैन रोड कस्बा सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद से लूट के सम्बंध में थाना सिरसागंज पर मु0अ0सं0 529/24 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था। उक्त लूट के प्रकरण के खुलासे के लिये वरिष्ठ अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। घटना का सफल अनावरण करते हुए सिरसागंज पुलिस टीम व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में वांछित अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया है।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः–

1. मोहन लाल यादव पुत्र श्रीनिवास निवासी गढिया नैन थाना सिरसागंज फिरोजाबाद।

आपराधिक इतिहास—

1. मु0अ0सं0 211/2024 धारा 302/323 भादवि थाना सिरसागंज फिरोजाबाद।

2 .मु0अ0सं0 197/2021 धारा 323/325/506 भादवि थाना सिरसागंज फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरणः-

1-01 तमंचा 315 बोर।

2-02 खोखा कारतूस 315 बोर।

3-01 जिंदा कारतूस 315 बोर।

4-लूट के 48000 रुपये , घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल , सीसीटीवी में दिख रही ओढी हुई , गमछा व बैग।

गिरफ्तार करने पुलिस टीम का विवरण –

1-प्रभारी सिरसागंज मय थाना सिरसागंज पुलिस टीम।

2- प्रभारी सर्विलांस मय टीम।

3- प्रभारी एसओजी मय टीम।